(d) the measures taken by Government to clear it and save the salt producers?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRIMATI ABHA MAITI): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) The Government has not so far received any report of such loss during the present monsoon season.

(d) Does not arise.

आकाशवाणी केन्द्र दरभंगा से स्थानीय मैथिली भाषा में कार्यक्रमों का प्रसारण

5093. **श्री सुरेन्द्र झा सुमन :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तरी बिहार में आकाशवाणी केन्द्र दरभंगा के प्रसारण क्षेत्र में आने वाले क्षेत्र, में सामान्यतः मैथिली भाषा बोली जाती है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उक्त क्षेत्र मुख्यतः कृषि क्षेत्र है और ग्रामीण लोग मैथिली भाषी है ;

(ग) क्या उपर्युक्त मैथिली भाषी ग्रामीण क्षेत्र में कृषक में कृषि-विकास के प्रोत्साहन के लिए स्थानीय मैथिली भाषा में कार्यक्रमों के प्रसारण को सरकार वांछनीय समझती है ; और

(घ) यदि हां, तो वहां पर इस प्रकार की व्यवस्था कब तक की जायेगी और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) से (घ). दरभंगा केन्द्र जिस क्षेत्र में सेवा प्रदान करता है वह मुख्यतः कृषि-क्षेत्र है । मैथिली भाषी लोगों को सेवा प्रदान करने के लिए दरभंगा केन्द्र से जो कार्यक्रम मैथिली में या तो कम्पीअर किए जाते हैं या पूर्णरूप से प्रसारित किए जाते हैं ; उनकी मात्रा इस प्रकार है :—

(1) ग्रामीण कार्यक्रम
प्रतिदिन 45 मिनट ;

(2) बच्चों के लिए कार्यक्रम
सप्ताह में 35 मिनट ;

(3) साहित्यिक कार्यक्रम
मास में 35 मिनट ;

देहाती कार्यक्रम 'गाम घर' मुख्यतया मैथिली में प्रसारित होता है और इसमें कभी-कभी हिन्दी के कार्यक्रम भी शामिल किए जाते हैं ।

नदी परिवहन

5094. **श्री सुरेन्द्र झा सुमन :** क्या नौवहन और परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यात्री और माल यातायात में दिन प्रतिदिन वृद्धि को देखते हुये सरकार देश में नदी परिवहन का विकास करना वांछनीय समझती है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार देश की नदियों में नौ-परिवहन के विकास के लिए सर्वेक्षण कराने का है ; और

(ग) यदि हां, तो सरकार इस संबंध में अपनी नीति कब तक घोषित कर देगी ?

नौवहन और परिवहन मंत्रालय में प्रभारी राज्य मंत्री (श्री चांद राम) : (क) जी, हां ।

(ख) पहले भी जलमार्गों में से कुछ का जल सर्वेक्षण किया गया है । कुछ शेष महत्वपूर्ण जलमार्गों के ऐसे सर्वेक्षण पंच वर्षीय योजना 1978–83 के दौरान कराने का प्रस्ताव है ।